# हिमाचल प्रदेश बारहवीं विधान सभा

(चौदहवां सत्र)

मौखिक उत्तर हेतु प्रश्न

## मंगलवार, 28 मार्च, 2017/ 7 चैत्र, 1939 (शक्)

----

[सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री - वन मंत्री - शहरी विकास मंत्री - सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री तथा सहकारिता मंत्री ].

कुल प्रश्न - 39

----

### लिफ्ट/जरनेटर व्यवस्था

*3936 **श्री किरनेश जंग (पांवटा साहिब):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार पांवटा साहिब नागरिक अस्पताल में लिफ्ट व जरनेटर की व्यवस्था कब तक करने का विचार रखती है?

----

### मल-प्रवाह योजना

*3937 **श्री राकेश कालिया(गगरेट) :**
**श्री कुलदीप कुमार(चिन्तपुरनी) :**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि:-

(क) जिला ऊना के चिन्तपुरनी में मल-प्रवाह परियोजना का शिलान्यास कब किया गया; और इसके कार्य की अद्यतन स्थिति क्या है; यह योजना कब तक पूर्ण होगी; ब्यौरा दें; और

(ख) इस जिला की गगरेट मल-प्रवाह योजना की भी अद्यतन स्थिति क्या है?

----

## पेयजल योजना कोहला

*3938 **श्री पवन काजल (कांगड़ा):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी किः-

(क) यह सत्य है कि वर्ष, 2011 में पेयजल योजना कोहला का निर्माण कार्य पूर्ण हो गया था; और

(ख) यदि हां, तो दिनांक 15 फरवरी, 2017 तक भी इस योजना को प्रारम्भ न करने के क्या कारण रहे; ब्यौरा दें?

----

## सामाजिक सुरक्षा पेंशन

*3939 **श्री जय राम ठाकुर(सिराज़) :**
**श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू) :**
**श्री रणधीर शर्मा(श्री नैना देवीजी) :**
**श्री कृष्ण लाल ठाकुर(नालागढ़) :**
**श्री बिक्रम सिंह जरयाल(भटियात) :**

क्या **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) प्रदेश में कितने लोगों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन प्रदान की जा रही है; ब्यौरा अलग-अलग पेंशन का जिलावार दें;

(ख) गत चार वर्षों में कितनी धनराशि इस योजना के माध्यम से खर्च की गई; ब्यौरा वर्षवार व जिलावार दें; और

(ग) दिनांक 15 फरवरी, 2017 तक प्रदेश में कितने पात्र लोगों के आवेदन लम्बित हैं; ब्यौरा दें?

----

## स्टाफ नर्सों की नियुक्तियां

*3940 **श्री अनिरूद्ध सिंह (कसुम्पटी):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि हिमाचल प्रदेश स्टाफ चयन आयोग द्वारा चयनित स्टाफ नर्सों को रोगी कल्याण समिति के माध्यम से नियुक्ति प्रदान की गई है;

(ख) यदि हां, तो क्या कारण हैं कि इन्हें अनुबन्ध पर नियुक्ति प्रदान नहीं की गई है; और

(ग) सरकार क्या इन्हें अनुबन्ध पर लगाने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण ?

----

## सीवरेज व्यवस्था

***3941 श्री सतपाल सिंह सत्ती(ऊना) :**

क्या **शहरी विकास मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) दिनांक 15 फरवरी, 2017 तक नगर परिषद् बसदेहड़ा-मैहतपुर एवं सन्तोषगढ़ में सीवरेज का कितना कार्य हो गया है; और

(ख) इस अवधि तक इस कार्य पर कितनी धनराशि व्यय की गई; यह कार्य कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा?

----

## Relief Fund

***3942 Smt. Asha Kumari (Dalhousie):**

Will the **Health & Family Welfare Minister** be pleased to state that:-

(a) during the last three years how much money has been released under relief and rain damages to DCs, Public Works Department and Irrigation & Public Health Department; details be given; and

(b) how much money has been further released, constituency-wise by DCs and various divisions of Public Works and Irrigation & Public Health in the State during this period?

----

## लीज़ पर भूमि

***3943 श्री गोविन्द सिंह ठाकुर (मनाली):**

क्या **वन मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि सरकार ने आनी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत खेगसू में वन विभाग द्वारा लगभग एक हैक्टेयर भूमि लीज़ पर दी है;

(ख) यदि हां, तो यह किस पंचायत में दी गई तथा क्या पंचायत का अनापत्ति प्रमाण-पत्र दिया गया है; प्रति सभा पटल पर रखें; और

(ग) यह लीज़ किसको दी गई तथा किस उद्देश्य के लिए दी गई तथा वर्तमान में इस पर क्या गतिविधियां चल रही हैं; ब्यौरा दें ?

----

## Field Station

***3944 Sh. Ravi Thakur (Lahaul & Spiti):**

Will the **Health & Family Welfare Minister** be pleased to state that:-

(a) whether it is a fact that Government of India has sanctioned field station of Indian Council of Medical Research at Keylong for which staff has also been selected and deputed;

(b) if yes, how many posts have been sanctioned; and

(c) whether the construction of building has been proposed near Keylong and what steps has the Department taken for its early construction?

----

## को-ऑपरेटिव बैंक की शाखाएं

***3945 श्री सुरेश कुमार (पच्छाद):**

क्या **सहकारिता मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत तीन वर्षों में प्रदेश में कितने सहकारी बैंकों की शाखाएं स्थापित की गईं; ब्यौरा नाम सहित दें; और

(ख) सरकार क्या पच्छाद विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में भी इस बैंक की शाखाएं खोलने का विचार रखती है; यदि हां, तो कहां; ब्यौरा नाम सहित दें?

----

## स्वास्थ्य उप-केन्द्र पनसाई

***3946 श्री विजय अग्निहोत्री (नदौन):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि तहसील नदौन के स्वास्थ्य उप-केन्द्र पनसाई के भवन की हालत जर्जर है;

(ख) यदि हां, तो इसका निर्माण कब हुआ था; और

(ग) सरकार क्या इसकी मरम्मत या जीर्णोद्धार का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; ब्यौरा दें?

----

## मिड हिमालयन परियोजना

***3947 श्रीमती सरवीन चौधरी (शाहपुर)ः**

क्या **वन मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत तीन वर्षों में मिड हिमालयन योजना के अन्तर्गत जिला कांगड़ा में कौन-कौन से कार्य किए गये तथा इस योजना की धनराशि को किस-किस मद के अन्तर्गत व्यय किया गया; ब्यौरा खण्डवार दें?

----

## आयुर्वेद औषधालय

***3948 श्री मनोहर धीमान (इन्दौरा)ः**

क्या **सहकारिता मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि आयुर्वेदिक औषधालय भपू में कार्यरत आयुर्वेदिक चिकित्सक प्रायः अपने कार्यालय में देरी से आते हैं; और

(ख) यदि हां, तो विभाग द्वारा उनके विरूद्ध क्या कार्रवाई अमल में लाई गई है; ब्यौरा दें?

----

## राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन

***3949 श्री गुलाब सिंह ठाकुर (जोगिन्द्रनगर)ः**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में केन्द्र सरकार की राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन योजना के अन्तर्गत कितने स्वास्थ्य संस्थान 24 घण्टे आपातकालीन सेवाएं उपलब्ध करवा रहे हैं; ब्यौरा दें?

----

## हैंडपम्प की स्थापना

***3950 श्री बिक्रम सिंह (जसवां-प्रागपुर)ः**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी किः-

(क) दिनांक 1 जनवरी, 2014 से 31 जनवरी, 2017 तक देहरा मण्डल में कितने हैंडपम्प स्थापित किए गए; ब्यौरा पंचायतवार दें; और

(ख) इस मण्डल के अन्तर्गत कितने हैंडपम्प खराब हैं तथा कितनों का पानी पीने योग्य नहीं है; ब्यौरा दें?

----

## सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चढियार

***3951 श्री किशोरी लाल (बैजनाथ):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चढियार में कितने पद चिकित्सकों तथा पैरामेडिकल स्टाफ के रिक्त हैं तथा इन्हें कब तक भर दिया जाएगा; और

(ख) यह सत्य है कि इस स्वास्थ्य केन्द्र में एक्स-रे की मशीन खराब है; यदि हां, तो सरकार क्या नई मशीन उपलब्ध करवाने का विचार रखती है?

----

## अनुसूचित जाति उप-योजना

***3952 श्री रविन्द्र सिंह (देहरा):**

क्या **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) वर्ष 2013-14, 2014-15 व 2015-16 में सरकार द्वारा अनुसूचित जाति उप-योजना के अन्तर्गत कितनी धनराशि का प्रावधान किया गया था; और

(ख) इस अवधि में इस योजना के अन्तर्गत प्रावधित राशि में से कितनी धनराशि व्यय की गई; ब्यौरा वर्षवार, योजनावार व विकास खण्डवार सदन के पटल पर रखें ?

----

## हैंडपम्प की स्थापना

***3953 श्री इन्द्र सिंह (सरकाघाट):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी किः-
(क) गत वर्ष सरकाघाट विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में कितने स्थानों पर हैंडपम्प स्थापित करने हेतु खुदाई की गई; और

(ख) इनमें से कितने स्थानों पर हैंडपम्प स्थापित किए गए और कितने पर नहीं किए गए हैं; ब्यौरा स्थानवार न लगने के कारणों सहित दें?

----

## सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बद्दी

***3954 श्री राम कुमार (दून):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बद्दी के भवन निर्माण का कार्य कब तक प्रारम्भ किया जाएगा; और

(ख) इस पर कितनी धनराशि व्यय करनी प्रस्तावित है; ब्यौरा दें ?

----

## Purchased Furniture

***3955 Sh. Suresh Bhardwaj (Shimla):**

Will the **Health & Family Welfare Minister** be pleased to state that:-

(a) whether it is a fact that the Health & Family Welfare and Medical Education Departments have purchased Hospital furniture through a state/co-operative institution; if yes details be given;

(b) whether the Department of Health and Medical Education and the Board/Corporation/co-operative institution has followed codal formalities for purchasing the furniture; and

(c) during the last three years how much amount has been spent for the above purchase; details of comparative prices of the furniture purchased from different Companies/Boards be given?

----

## विश्राम गृह

***3956 श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहड़ू):**

क्या **वन मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) दिनांक 15 फरवरी, 2017 तक रोहड़ू विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में कितने विश्राम गृह स्थापित हैं; ब्यौरा दें; और

(ख) यह सत्य है कि शीलघाट, सीधाशी विश्राम गृह का कार्य बंद पड़ा है; यदि हां, तो इस कार्य को कब तक पूर्ण किया जाएगा?

----

## उठाऊ/सिंचाई योजनाएं

***3957 श्री महेन्द्र सिंह (धर्मपुर):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि:-

(क) यह सत्य है कि केन्द्र सरकार द्वारा कृषि सिंचाई योजनाओं के लिए अलग से बजट का प्रावधान किया गया है;

(ख) यदि हां, तो गत तीन वर्षों में दिनांक 15 फरवरी, 2017 तक सरकार को कितनी धनराशि विभिन्न योजनाओं के लिए प्राप्त हुई; ब्यौरा दें;

(ग) उठाऊ सिंचाई योजना कौंसिल-झरेडा मंडद और मध्यम सिंचाई योजना सटयार खड्ड पर केन्द्रीय जल आयोग द्वारा जो आपत्तियां दर्ज़ की गई थीं क्या उनको दूर कर लिया गया है; उनकी प्रतियां सभा पटल पर रखें; और

(घ) इन योजनाओं को क्या केन्द्रीय जल आयोग द्वारा अनुमोदित कर लिया गया है; यदि नहीं, तो सरकार द्वारा क्या पग उठाए गए हैं; ब्यौरा दें?

----

## उठाऊ पेयजल योजना

***3958 श्री विनोद कुमार (नाचन):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि नाचन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत उठाऊ पेयजल योजना मौवीसेरी से कितने गांव लाभान्वित होंगे; इसकी अद्यतन स्थिति क्या है; ब्यौरा दें?

----

## इमारती लकड़ी

***3959 श्री हंस राज (चुराह):**

क्या **वन मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में प्रदेश में कितने लोगों को T.D. दी गई है; ब्यौरा वन मण्डलवार दें;

(ख) इस अवधि के दौरान चुराह उप-मण्डल में कितने लोगों को इमारती लकड़ी दी गई; ब्यौरा दें; और

(ग) गत दो वर्षों में चुराह विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में कितने लोगों ने T.D. हेतु आवेदन किया तथा कितने मामले दिनांक 15 फरवरी, 2017 तक लम्बित थे; ब्यौरा वन मण्डलवार दें?

----

## योजनाओं की डी0पी0आर0ज0

***3960 श्री बलदेव सिंह तोमर (शिलाई):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि:-

(क) गत तीन वर्षों में दिनांक 15 फरवरी, 2017 तक शिलाई विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत विधायक प्राथमिकता की कितनी उठाऊ पेयजल एवं सिंचाई योजनाओं की DPRs तैयार की गई और इनका कार्य कब तक प्रारम्भ किया जाएगा; ब्यौरा योजनावार दें; और

(ख) सरकार ने इस अवधि में अन्य मदों में कितनी उठाऊ पेयजल एवं सिंचाई योजनाएं बनाकर तैयार की हैं; ब्यौरा दें?

----

## हैंडपम्प की स्थापना

***3961 श्री यादविन्द्र गोमा (जयसिंहपुर):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि:-

(क) वित्तीय वर्ष 2016-2017 में दिनांक 15 फरवरी, 2017 तक सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य विभाग ने कांगड़ा जिले में कितने हैंडपम्प स्थापित किए; ब्यौरा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रवार दें; और

(ख) इस अवधि में जयसिंहपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में पालमपुर उप-मंडल के अंतर्गत कितने हैंडपम्प स्थापित किए गए; ब्यौरा दें?

----

## शहीद की प्रतिमा

***3962 श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू):**

क्या **वन मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि कंवर प्रताप सिंह स्वतन्त्रता संग्राम शहीद समिति वल्ह ने सरकार से मौहल (वल्ह) स्थित नेचर पार्क में अमर शहीद की प्रतिमा लगाने की अनुमति चाही है तथा पार्क का नाम कंवर प्रताप सिंह मैमोरियल पार्क वल्ह रखने का प्रस्ताव किया है; और

(ख) यदि हां, तो कब और सरकार द्वारा इस सन्दर्भ में क्या कार्रवाई की गई; ब्यौरा दें?

----

## National Rural Drinking Water Programme

***3963 Sh. Krishan Lal Thakur (Nalagarh):**

Will the **Irrigation & Public Health Minister** be pleased to state that:-

(a) whether it is a fact that the Government propose to complete all the schemes undertaken by the Irrigation and Public Health Department under National Rural Drinking Water Programme;

(b) if yes, why the funds required to complete water supply scheme Ramshehar and other adjoing villages were not allotted during 2016-17 ; and

(c) by when the funds for water supply scheme Ramshehar will be allotted and the details in respect of all the schemes undertaken under National Rural Drinking Water Programme in Nalagarh Assembly Constituency be given?

----

## पेयजल योजनाओं का रख-रखाव

***3964 श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि:-

(क) गत चार वर्षों में भटियात विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कितनी पेयजल योजनाओं की नई लाइनें बिछाई गईं तथा कितने टैंकों का निर्माण किया गया; इन पर कितनी धनराशि ब्यय की गई;

(ख) इनका कार्य किन-किन ठेकेदारों को दिया गया और इसकी सामग्री विभाग द्वारा कहां से खरीद की गई; ब्यौरा दें; और

(ग) ऐसी कितनी पेयजल योजनाएं एवं ग्रेवटी लाइनें हैं, जिनके फिल्टर वैड और वाटर ट्रीटमेंट प्लांट नहीं हैं; ब्यौरा दें?

----

## पम्पिंग स्टेशन चेहड़

***3965 श्री अनिरूद्ध सिंह (कसुम्पटी):**

क्या **शहरी विकास मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि चेहड़ पम्पिंग स्टेशन की इमारत बरतानियां (British) सरकार के समय में बनाई गई है; और

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार इस पम्पिंग स्टेशन/इमारत को हैरिटेज घोषित करने का विचार रखती है?

----

## Construction of Rehri Phari Market

***3966 Smt. Asha Kumari (Dalhousie):**

Will the **Urban Development Minister** be pleased to state that:-

(a) whether it is a fact that M.C. Chamba has sent a proposal for construction of "Rehri Phari" market in Chamba Town;

(b) what is the estimated cost of this project; and

(c) what steps the Government is taking to set up this market?

----

## मलजल उपचार संयन्त्र

***3967 श्री गोविन्द सिंह ठाकुर (मनाली):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि:-

(क) नगर परिषद् मनाली में क्या सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट कार्यरत है;

(ख) यदि हां, तो यह कब तथा कितनी भूमि पर बना तथा इसकी कितनी क्षमता है, क्या यह पर्याप्त है; यदि नहीं, तो क्या सरकार इसकी क्षमता बढ़ाने का विचार रखती है?

----

## हैण्डपम्प की स्थापना

***3968 श्री सुरेश कुमार (पच्छाद):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि:-

(क) यह सत्य है कि गत तीन वर्षों में पच्छाद विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत 100 हैण्डपम्प विधायक प्राथमिकता में डाले गए थे;

(ख) यदि हां, तो इनकी DPR की अद्यतन स्थिति क्या है; और

(ग) इन हैण्डपम्पों को कब तक लगाने का कार्य प्रारम्भ किया जाएगा?

----

## जल रक्षक

***3969 श्रीमती सरवीन चौधरी (शाहपुर):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि:-

(क) यह सत्य है कि पिछले कई वर्षों से सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य विभाग के अन्तर्गत वाटर गार्ड अपनी सेवायें प्रदान कर रहे हैं;

(ख) सरकार क्या इनकी सेवाओं के दृष्टिगत इनके लिए भी कोई नीति बनाने का विचार रखती है; और

(ग) यदि हां, तो कब?

----

## पदपूर्ति

***3970 श्री मनोहर धीमान (इन्दौरा):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि:-
(क) इन्दौरा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत सिंचाई एवं जन-स्वास्थ्य विभाग में विभिन्न श्रेणियों के कितने पद रिक्त हैं; और

(ख) इन पदों को कब तक भरा जाएगा; ब्यौरा दें?

----

## स्वीकृत पद

***3971 श्री गुलाब सिंह ठाकुर (जोगिन्द्रनगर):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) वर्तमान में सिविल अस्पताल जोगिन्द्रनगर में चिकित्सकों, अन्य मेडिकल व पैरा-मेडिकल तथा मिनिस्ट्रियल स्टाफ के कितने पद स्वीकृत हैं; और

(ख) इनमें कितने पद कब-कब से रिक्त हैं; ब्यौरा श्रेणीवार दें?

----

## योजनाओं की डी0पी0आर0

***3972 श्री इन्द्र सिंह (सरकाघाट):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि:-
(क) गत तीन वर्षों में सरकाघाट विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र की किन-किन पेयजल व सिंचाई योजनाओं की डी0पी0आर0 बनाई गई; और

(ख) इन योजनाओं की कितनी डी0पी0आर0 बनने हेतु लम्बित है; ब्यौरा लम्बित योजनाओं का कारणों सहित दें?

----

## Sanctioned Post in Municipal Corporation

***3973 Sh. Suresh Bhardwaj (Shimla):**

Will the **Urban Development Minister** be pleased to state that:-

(a) how many posts of Veterinary is sanctioned in Municipal Corporation Shimla;

(b) presently how many veterinary Doctors are posted in Municipal Corporaton Shimla; and

(c) whether the post of Assistant Director (A.H.) is sanctioned in Municipal Corporation?

----

## अनुसूचित जाति उप-योजना

***3974 श्री यादविन्द्र गोमा (जयसिंहपुर):**

क्या **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत चार वर्षों में सरकार द्वारा जयसिंहपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत अनुसूचित जाति उप-योजना के लिए कितनी धनराशि स्वीकृत की गई; ब्यौरा दें;

(ख) कितनी सड़कों, पेयजल योजनाओं और लघु सिंचाई योजनाओं के लिए कितनी-कितनी धनराशि आबंटित की गई; और

(ग) कितनी योजनाओं का कार्य पूर्ण कर दिया है और कितनी योजनाओं का शेष है; ब्यौरा दें?

----

**शिमला: 171004.** **सुन्दर सिंह वर्मा,**
**दिनांक: 10 मार्च, 2017.** **सचिव।**